**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF COMMERCE & INDUSTRY**
**DEPARTMENT FOR PROMOTION OF INDUSTRY AND INTERNAL TRADE**

**RAJYA SABHA**

**STARRED QUESTION NO. 318.**
**TO BE ANSWERED ON FRIDAY, THE 1ST APRIL, 2022.**

**RELEASE OF FUNDS FOR DMIC AND CBIC**

***318. SHRI AYODHYA RAMI REDDY ALLA:**

Will the Minister of **Commerce and Industry** be pleased to state:

(a) the total funds released for infrastructure packages for the Delhi-Mumbai Industrial Corridor (DMIC) and Chennai – Bengaluru Industrial Corridor (CBIC) for the last two years;

(b) the total number of projects appraised since the years 2020-21 till date; and

(c) the status of completed projects under DMIC and CBIC till date?

**ANSWER**
**THE MINISTER OF COMMERCE & INDUSTRY**
**(SHRI PIYUSH GOYAL)**

**(a) to (c):** A Statement is laid on the Table of the House.

******

**STATEMENT REFERRED TO IN REPLY TO PARTS (a) TO (c) OF RAJYA SABHA STARRED QUESTION NO.318 FOR ANSWER ON 1ST APRIL, 2022 REGARDING "RELEASE OF FUNDS FOR DMIC AND CBIC".**

**(a):** The details of fund released for infrastructure packages for the Delhi-Mumbai Industrial Corridor (DMIC) and Chennai – Bengaluru Industrial Corridor (CBIC) for the last two years are as under:

(Rs. in Crore)

| Corridor | 2020-21 | 2021-22 | Total fund released in last two years |
|---|---|---|---|
| DMIC | 1334.93 | 1085.94 | 2420.87 |
| CBIC | 1037.46 | 68.88 | 1106.34 |

**(b):** Following three projects have been appraised since the year 2020-21 till date:

i. Krishnapatnam node in Andhra Pradesh under CBIC
ii. Tumakuru node in Karnataka under CBIC
iii. Multi Modal Logistics Hub (MMLH) at Dadri & Multi Modal Transport Hub (MMTH) at Boraki, Greater Noida, U.P under DMIC

**(c):** The status of projects under DMIC and CBIC is as under:

**Delhi Mumbai Industrial Corridor (DMIC) Project**

There are 10 projects under DMIC of which major infrastructure works have been completed in following four projects:

i. Dholera Special Investment Region (DSIR), Gujarat. ( Area: 5559.8 acre)
ii. Shendra Bidkin Industrial Area (SBIA), Maharashtra (Area : 4583.8 acre)

iii. Integrated Industrial Township, Greater Noida, Uttar Pradesh (Area: 747.5 acre)

iv. Integrated Industrial Township 'Vikram Udyogpuri', Ujjain, Madhya Pradesh (Area: 1100 acre)

Under these four projects,145 plots (approx 830 acre) have been allotted to companies with investment to the tune of more than Rs. 17,000 crore.

**Chennai Bengaluru Industrial Corridor (CBIC)**

There are three nodes under CBIC (i) Krishnapatnam in Andhra Pradesh (ii) Tumakuru in Karnataka and (iii) Ponneri in Tamil Nadu.

Tender has been floated for appointment of Engineering, Procurement and Construction (EPC) consultant for Krishnapatnam and Tumakuru nodes. For Ponneri node, consultant has been appointed for carrying out detailed master planning and preliminary engineering.

******

**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**राज्य सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या: 318**

**शुक्रवार, 01 अप्रैल, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## डीएमआईसी और सीबीआईसी के लिए निधि जारी किया जाना

***318. श्री अयोध्या रामी रेड्डी आला:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली-मुम्बई औद्योगिक गलियारे (डीएमआईसी) और चेन्नई-बंगलूरू औद्योगिक गलियारे (सीबीआईसी) हेतु अवसंरचना पैकेजों के लिए विगत दो वर्षों में कुल कितनी निधि जारी की गई है;
(ख) वर्ष 2020-21 से अब तक कुल कितनी परियोजनाओं का आकलन किया गया है; और
(ग) आज की तारीख तक डीएमआईसी और सीबीआईसी के अधीन पूरी हो चुकी परियोजनाओं की स्थिति क्या है?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्री**
**(श्री पीयूष गोयल)**

**(क) से (ग):** विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

**दिनांक 01.04.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 318 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**(क):** पिछले दो वर्षों के दौरान दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर (डीएमआईसी) और चेन्नई-बेंगलुरु औद्योगिक कॉरिडोर (सीबीआईसी) के लिए अवसंरचना पैकेज हेतु जारी की गई निधि का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(करोड़ रुपए में)

| **कॉरि डोर** | **2020-21** | **2021-22** | **पिछले दो वर्षों के दौरान जारी कुल निधि** |
|---|---|---|---|
| डीएमआईसी | 1334.93 | 1085.94 | 2420.87 |
| सीबीआईसी | 1037.46 | 68.88 | 1106.34 |

**(ख):** वर्ष 2020-21 से लेकर अब तक निम्नलिखित तीन परियोजनाओं का आकलन किया गया है:

i. सीबीआईसी के तहत आंध्र प्रदेश में कृष्णापटनम नोड

ii. सीबीआईसी के तहत कर्नाटक में तुमकुरु नोड

iii. डीएमआईसी के तहत, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश के दादरी में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब (एमएमएलएच) और बोराकी में मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच)

**(ग):** डीएमआईसी और सीबीआईसी के तहत परियोजनाओं की स्थिति निम्नानुसार है:

**<u>दिल्ली मुंबई औद्योगिक कॉरि डोर (डीएमआईसी) परियोजना</u>**

डीएमआईसी के तहत 10 परियोजनाएं हैं, जिनमें से निम्नलिखित चार परियोजनाओं में मुख्य अवसंरचना कार्य पूरे हो गए हैं:

i. धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र (डीएसआईआर), गुजरात. (क्षेत्र: 5559.8 एकड़)

ii. शेन्द्रा बिदकिन औद्योगिक क्षेत्र (एसबीआईए), महाराष्ट्र (क्षेत्र : 4583.8 एकड़)

iii. एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश (क्षेत्र: 747.5 एकड़)

iv. एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप 'विक्रम उद्योगपुरी', उज्जैन, मध्य प्रदेश (क्षेत्र: 1100 एकड़)

इन चार परियोजनाओं के तहत, 17,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के साथ कंपनियों को 145 भूखंड (लगभग 830 एकड़) आबंटित किए गए हैं।

**<u>चेन्नई बेंगलुरु औद्योगिक कॉरि डोर (सीबीआईसी)</u>**

सीबीआईसी के तहत तीन नोड्स हैं (i) कृष्णापटनम, आंध्र प्रदेश (ii) तुमकुरु, कर्नाटक और (iii) पोन्नेरी, तमिलनाडु।

कृष्णापटनम और तुमकुरु नोड्स के लिए इंजीनियरिंग, अधिप्राप्ति और निर्माण (ईपीसी) परामर्शदाता की नियुक्ति हेतु निविदा जारी की गई है। पोन्नेरी नोड के लिए, विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग कार्य हेतु परामर्शदाता की नियुक्ति की गई है।

****

SHRI AYODHYA RAMI REDDY ALLA: Sir, there are serious delays and cost over runs in implementation of 32 projects in 11 corridors of National Industrial Corridor Development Corporation Programme. There are various reasons for these delays. As you may be aware, there are delays between State and Central Government, delays in land acquisitions, delays in obtaining statutory clearances and, then, there are contractual issues, lockdown issues and lack of proper implementation strategies. I want to ask the hon. Minister: What are the measures being taken by the Ministry to address these issues?

SHRI SOM PARKASH: Hon. Deputy Chairman, Sir, 'National Industrial Corridor Development Programme' के तहत भारत सरकार ने 11 Corridors को approve किया है, जो कि 18 स्टेट्स में हैं। इसमें बहुत तेजी से 32 नोड्स develop हो रहे हैं। **...(व्यवधान) ...** जो प्रश्न में है, उसमें 4 complete हो गए हैं, तथा तीन जिसके बारे में आपने पूछा है, उनकी feasibility study हुई है। उसकी land availability और feasibility study को देखते हुए, लैंड एसपीवी को ट्रांसफर हो गई है तथा भारत सरकार ने अपने 522 करोड़ के बॉड्स कृष्णापटनम नोड के लिए एवं 586 करोड़ के बॉड्स तुमकुरु नोड के लिए जारी किए हैं। **...(व्यवधान) ...** तीसरा, जिस multi-model logistics hub बारे में आपने पूछा है, **...(व्यवधान) ...** उसके लिए 593 करोड़ जारी कर दिए गए हैं। यह स्टेट्स के अंदर प्रोसेस में है। उसके टेंडर हो गये हैं तथा जल्दी काम शुरू हो जाएगा।

SHRI AYODHYA RAMI REDDY ALLA: Sir, the main objective of this Corporation is to develop future industrial cities, so that India could compete with the best international platforms towards industrial development and growth. What are the measures being taken by the Government to attract foreign investment and also what sort of incentives are being provided to ensure that we become a globally competitive industrial country?

SHRI PIYUSH GOYAL: Hon. Deputy Chairman, Sir, a little bit also about the first supplementary that he had raised. I say with a lot of sadness that the kind of cooperation which could have been received and should have been received from the States in encouraging these projects in industrial corridors has been, unfortunately, very slow. In fact, this project was first approved in 2008. But, after that, for several years, neither did the Central Government provide adequate funds nor did the whole project come into shape though it was approved by the Cabinet in 2011. And, a corpus of Rs.17,500 crores was committed with a maximum of about Rs.3,000 crores per node. Unfortunately, for several years after that also, until 2014, no significant action happened. We took up this project in right earnest. Many States have not yet

transferred the full land because of which many projects are getting delayed. Some projects are getting completed because State Governments were active and, therefore, a matching share was received from the State Government. It is a joint project of Centre and States. When both get together, these projects can get expedited. So, I would urge all hon. Members; in your own States, wherever these projects are being implemented, you can help us, exert your own support, so that the State Government becomes more pro-active also. Ultimately, the Centre can only create the master plan, the perspective plan which the hon. Member of Parliament and former Minister knows very well because it was crafted during his time. I am talking about you, Anandji. Yes, I was referring to you. ...*(Interruptions)*.. Sure, you can. But I am just saying that these projects, we are very keen, should be expedited also and I would urge your support. As regards promoting Foreign Direct Investment or foreign investment, I am happy to share with the House, through you, Sir, that over the last six years-- every year, we have broken all previous records — there has been a record foreign direct investment, year after year, including the Covid period, and, it is a matter of great pride for every Indian, all hon. MPs in the House, outside the House and for 135 crore Indians, that, today, the world sees India as a preferred destination. Now, they don't ask, 'Why India', they say, 'It has to be India'. And that is the mood we find wherever we go. I have just concluded a very successful visit in UAE, hon. Deputy Chairman. The mood of business communities was to be seen to be believed. In the meetings we had with several investors of UAE, they were asking us, 'Can you give us more proposals? We want to invest.' ...*(Interruptions)*...

SHRI JAIRAM RAMESH: Question?

SHRI PIYUSH GOYAL: Well, that is what he asked me. By the way, Jairamji, probably, your headphone was not on. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*...

SHRI PIYUSH GOYAL: He asked about steps we are taking. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please.

SHRI PIYUSH GOYAL: We are expediting our engagement with international investors. We have entered into an FTA, a Comprehensive Economic Partnership Agreement with UAE which has encouraged businesses on both sides to look at a

greater degree of engagement. Discussions are going on with U.K., EU, Canada, Australia, Israel, etc. Many countries are looking forward to expanding their engagement with India. So, I can assure you, this Government is committed to attracting international investment, promoting domestic capital and investment and collectively make the country and every countryman prosperous in the next 25 years. The '*Amrit Kaal*' that hon. Prime Minister has said will be the collective effort of all Indians to take India to greater heights.

**श्री उपसभापति** : आनन्द शर्मा जी ,आपने हाथ उठाया था ,क्या आप कुछ बोलना चाहते हैं?

SHRI ANAND SHARMA: Sir, I have read the reply of the hon. Minister very carefully and I was listening to the hon. Minister. I would like to say, through you, to the hon. Minister and inform this House that when major national initiatives are taken, it is not 'your time' or 'our time'. Those are national projects, national initiatives. Sir, we have an agreement with Japan. It is a Cabinet decision of the Government of India what Minister referred to. Subsequently, we created a joint corpus, and I put an officer in charge who is the key person in the NITI Aayog today.

Sir, I agree with what the Minister said in his reply that in many States, land procurement is a problem. That part I also was witness to, and we were negotiating with the States. But the availability of the funds was there. Sir, what I want to mention is -- since the hon. Minister has said, nothing was done earlier -- that this Chennai-Bengaluru Corridor was extended up to *Tumkur* and then Chitradurga during my time. Sir, Dholera in Gujarat was also launched. Vikram Udyogpuri ...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please be brief, Anandji.

SHRI ANAND SHARMA: Sir, he has mentioned it in his reply. That was launched by me along with the Chief Minister of Madhya Pradesh, Shri Shivraj Chauhan. So, you are continuing with the work -- good luck -- but to say that it did not happen, Sir, that is, I think, I should set that record straight.

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर** : उपसभापति महोदय, DMIC के तहत उत्तर प्रदेश के दादरी के बोराकी में एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, जिसके तहत Multi-model Transport Hub बनना है और वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन भी बनना है, माननीय रेल मंत्री जी भी यहाँ बैठे हैं, जिससे दिल्ली के जो रेलवे स्टेशन्स हैं, उन पर भार कम होगा। महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि यह जो Multi-model Transport Hub बनाने की परियोजना है, इसको पूरा करने

के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया है? अगर लक्ष्य निर्धारित किया गया है, तो उसके अनुसार यह परियोजना कब तक पूरी होगी?

**श्री पीयूष गोयल** : उपसभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय सांसद जी और इस सदन को अवगत कराना चाहूँगा कि Multi-model Logistics Hub में बहुत अच्छी प्रोग्रेस हो रही है, जो दादरी में बनने जा रहा है। उसके लिए लगभग 1,183 एकड़ लैंड की प्लानिंग के लिए मास्टर प्लान बना था, जिनमें से 911 एकड़ लैंड already Greater Noida Industrial Development Authority को मिल चुकी है और 205 एकड़ की लैंड पार्सल अब वे acquire कर रहे हैं Land Acquisition Act के तहत। इसके साथ-साथ 56.8 एकड़ लैंड DFCCIL के तहत है, जिसके लिए रेलवे एक्ट की धारा 20ए के तहत 19 एकड़ लैंड की Notification निकल चुकी है और बाकी के लिए कार्रवाई चल रही है। हमारा उनके साथ लगातार संपर्क चल रहा है। पानी का थोड़ा-सा आवंटन होना बाकी है, उस पर चल रहा है। External connectivity work के लिए थोड़ी रोड को 105 मीटर बढ़ाना है, उस पर भी ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी जल्द ही काम शुरू करेगी। एक कैनाल का diversion होना है, उस पर Irrigation Department से हमारी बातचीत चल रही है। इसमें एक और खुशी की बात यह है कि प्रोजेक्ट एसपीवी को 562 एकड़ लैंड भी ट्रांसफर हो गयी है और उत्तर प्रदेश सरकार ने 853 करोड़ की matching equity भी दे दी है। यह अपने आप में दर्शाता है कि राज्य सरकार को साथ में मिलकर चलना चाहिए और इसीलिए हम कहते हैं कि आप डबल इंजन सरकार को जितने भी राज्यों में encourage करेंगे, उतनी जल्दी काम भी आगे बढ़ेगा और फिर, राज्य सरकार भी केन्द्र का सहयोग करती है। महोदय, वहाँ पर बहुत तेज़ी से काम हो रहा है, यह मैं आपको विश्वास दिला सकता हूँ।

**श्री प्रेम चंद गुप्ता** : मान्यवर, Delhi-Mumbai Industrial Corridor और Chennai-Bengaluru Industrial Corridor का implementation एक need of the day है। चीन में political events, चीन-जापान, चीन-अमेरिका, यूरोप की misunderstanding, कोविड और इन सबके बाद अब जो डेवलपमेंट हुई है, इन वजहों से बहुत सी large multinational companies ने decide किया है कि वे अपना manufacturing base चीन से हटाकर किसी दूसरे मुल्क में लेकर जाएंगे। मंत्री जी, हम लोगों ने यह बहुत बड़ी opportunity miss की है। यह ठीक है कि आप दुबई गए, यूएई में उन्होंने कुछ-कुछ बोल दिया, लेकिन यह सब पेपर पर घोड़े दौड़ाने वाली बात है, जबकि factual situation ऐसी है कि 60 परसेंट इंडस्ट्रीज़ थाइलैंड और वियतनाम चली गई हैं और बाकी जाने के प्रोसेस में हैं।

**श्री उपसभापति** : आप सवाल पूछिए।

**श्री प्रेम चंद गुप्ता** : महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से सवाल करना चाहता हूँ कि क्या आप ऐसे दो, चार या पाँच बड़े प्रोजेक्ट्स बता सकते हैं, जो चीन से शिफ्ट होकर हमारे यहाँ आए हों?

**श्री पीयूष गोयल** : माननीय उपसभापति जी, माननीय सदस्य ने जो कहा है, वह पूरी तरह से गलत है और मैं यह बताने के लिए बहुत सारे तर्क दे सकता हूँ। मेरे हिसाब से, मैंने अभी जैसा बताया कि अगर हर वर्ष record Foreign Direct Investment आ रहा है, तो यह क्या दर्शाता है? आज हम स्टार्टअप में विश्व के तीसरे अंश पर पहुंच गए हैं और 90 से अधिक स्टार्टअप्स unicorns बन गए हैं, तो यह दर्शाता है कि लोग भारत की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ....*(Interruptions)*... Please. ...*(Interruptions)*

**श्री पीयूष गोयल** : आप निवेश देखिए कि बड़े-बड़े petrochemical complexes आ रहे हैं ,बड़ी-बड़ी refineries आ रही हैं।... **(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति** : प्रेम चंद गुप्ता जी ,प्लीज़... **(व्यवधान)** ...प्लीज़ ,प्लीज़... **(व्यवधान)**...

**श्री पीयूष गोयल** : महोदय, अलग-अलग क्षेत्रों में कई माध्यमों से निवेश आया है और यह दर्शाता है कि आज विश्व का भारत के प्रति बहुत आकर्षण है। ...**(व्यवधान)**... आप पीएलआई स्कीम देख लीजिए, पीएलआई स्कीम में जो enthusiastic response मिला है, वह अपने आप में एक रिकॉर्ड है। अगर प्रमाण देखना है कि भारत में क्या आ रहा है, तो मैं समझता हूँ कि MeitY की जो पीएलआई स्कीम थी, जिसके तहत कई सारी मोबाइल कंपनीज़ भारत में आई हैं, यह इसका एक स्पष्ट उदाहरण है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति** : प्लीज़ ,प्लीज़... **(व्यवधान)**...

**श्री पीयूष गोयल** : महोदय ,मैं अभी 'Apple' के बारे में पढ़ रहा था कि दस हज़ार करोड़ भारत में निवेश हो रहे हैं।... **(व्यवधान)** ...आज चीन के बाद विश्व में सबसे ज्यादा मोबाइल फोंस शायद भारत में बन रहे हैं।... **(व्यवधान)** ...महोदय ,दूसरे देशों की तरफ देखकर अपने देश को नीचा दिखाना ,मैं समझता हूँ कि यह शोभा नहीं देता है।... **(व्यवधान)** ...हमें अपने देश की उपलब्धियों पर गर्व होना चाहिए।... **(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति** : कनकमेदला रवींद्र कुमार जी। माननीय कनकमेदला रवींद्र कुमार जी ,आप सवाल पूछिए।... **(व्यवधान)** ...केवल आपकी बात ही रिकॉर्ड पर जाएगी।... **(व्यवधान)** ... माननीय गुप्ता जी... **(व्यवधान)** ...कनकमेदला रवींद्र कुमार जी।... **(व्यवधान)** ...कोई और बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है।... **(व्यवधान)** ...माननीय गुप्ता जी ,आप सवाल पूछ चुके हैं। ...**(व्यवधान)** ...प्लीज़ ,प्लीज़... **(व्यवधान)** ...आपस में कोई बात न करें।... **(व्यवधान)** ...It is not going on record. माननीय गुप्ता जी ,प्लीज़... **(व्यवधान)** ...माननीय गुप्ता जी ,कृपया आपस में बात न करें।... **(व्यवधान)**... It is not going on record. ...*(Interruptions)*... आप अन्यथा पूछ रहे हैं।... **(व्यवधान)** ...आप माननीय मंत्री जी से बाहर मिलकर बात कर लीजिएगा। ...**(व्यवधान)** ...आप हाउस के काम में बाधा मत डालिए।... **(व्यवधान)** ... Please, I am

requesting you. ...*(Interruptions)*... प्लीज़, हाउस के काम में बाधा मत कीजिए। **...(व्यवधान)** ...प्लीज़, आप दूसरे मेम्बर को deprive मत कीजिए।... **(व्यवधान)** ...कनकमेदला रवींद्र कुमार जी।

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Sir, in the reply of the hon. Minister, the Hyderabad-Bengaluru Industrial Corridor has not been mentioned. The Government of India has also approved development of the Hyderabad-Bengaluru Industrial Corridor. Under this project, the Government of India has said -- it is a joint programme -- that the Government of Andhra Pradesh has to identify the nodes and provide land for that. In respect of the Hyderabad-Bengaluru Industrial Corridor, how much land is required for the nodes? What is the progress? Is there any time-bound programme to complete this project?

**श्री पीयूष गोयल** : सर, मैं इस प्रश्न पर एक मिनट में आता हूँ, पर माननीय वरिष्ठ सदस्य मेरे बड़े भाई हैं।

**श्री उपसभापति** : माननीय नेता सदन, मैं एक आग्रह करूँगा और यह बार-बार चेयरमैन ने भी कहा है कि माननीय सदस्य कृपया अपने explanations तथा दूसरे मुद्दे न कहें, बल्कि वे सीधे सवाल पूछा करें। आपसे भी आग्रह है कि आप कृपया उत्तर संक्षेप में दें। **...(व्यवधान)...**

**श्री पीयूष गोयल :** सर, ये बहुत वरिष्ठ सदस्य हैं और इनको लग रहा है कि मैंने जवाब नहीं दिया। आज अकेले पीएलआई के 14 सेक्टर्स में लगभग 2 लाख करोड़ दिया जा रहा है। हम 74,000 करोड़ पीएलआई में दे रहे हैं, क्योंकि इन्होंने **...(व्यवधान)...**

**श्री जयराम रमेश :** सर ,ये अभी पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दे रहे हैं।... **(व्यवधान)...**

**श्री उपसभापति :** आप माननीय कनकमेदला रवींद्र कुमार जी के सवाल का जवाब दें। **...(व्यवधान)...**

**श्री पीयूष गोयल :** इसमें सरकार की बड़ी भूमिका है। **...(व्यवधान)...** जहाँ तक आंध्र प्रदेश का सवाल है, चेन्नई-बेंगलुरु इंडस्ट्रियल कॉरिडोर approved है। **...(व्यवधान)...** उसमें कृष्णापटनम इंडस्ट्रियल एरिया भी आता है। वहाँ ढाई हज़ार एकड़ का मास्टर प्लान तैयार हो चुका है। वह प्रोजेक्ट गवर्नमेंट ने भी एप्रूव किया है, SPV भी बन गई है, 2,090 एकड़ जमीन SPV को मिल चुकी है और आंध्र प्रदेश सरकार ने 522 करोड़ equity रिलीज़ की है। आजकल उसकी environment clearance का प्रोसेस चल रहा है। राज्य सरकार और SPV मिलकर उस प्रोसेस को कम्प्लीट कर रहे हैं। लगभग 1,190 करोड़ का EPC tender trunk infrastructure, जैसे - roads, utilities, पानी की सप्लाई, fire fighting, recycling of water, storm drainage, STPs,

Common Effluent Treatment Plants, WTP, बिजली के कनेक्शंस आदि के लिए 23 सितम्बर, 2021 को इश्यू किया गया है। अब उसके रिस्पाँस पर निर्णय लेकर उसको जल्द फाइनल किया जाएगा। जहाँ तक employment की बात है, तो इसमें लगभग एक लाख लोगों को direct और लगभग उतने ही लोगों को indirect employment भी मिलेगा। मैं समझता हूँ कि आंध्र प्रदेश के कृष्णापटनम में भी अब एक बहुत बड़ा इंडस्ट्रियल पार्क आने के कगार पर है।

**श्री उपसभापति :** क्वेश्चन नम्बर 319. **...(व्यवधान)...** माननीय प्रेम चंद गुप्ता जी, अब इसकी बिल्कुल इजाज़त नहीं है। **...(व्यवधान)...** क्वेश्चन नम्बर 319. **...(व्यवधान)...**प्लीज़। **...(व्यवधान)...**